**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय**

**हिन्दी विभाग**

**शैक्षणिक वर्ष- 2019-20**

| हिन्दी साहित्य के सेमेस्टर-4 के शैक्षिणिक पाठ्यक्रम के अध्ययन उपरांत परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| हिन्दी खंडकाव्य | ELECTIVE HINDI 211 (गौण) | नवम्बर-2017 | • पर्चे के अध्ययन के उपरान्त विद्यार्थी खंडकाव्य की परिभाषा एवं विशेषताएँ, हिन्दी खंडकाव्य के विकास की संक्षिप्त रुपरेखा, नरेश मेहता का व्यक्तित्व एवं कृतित्व आदि से परिचित होंगे.<br>• वे प्रवाद पर्व का सार, खंडकाव्य के रूप में प्रवाद पर्व का मूल्यांकन करने में समर्थ होने के साथ इसके चरित्रों के विकास एवं उनके सांस्कृतिक महत्त्व को समझ पाएंगे.<br>• वे प्रवाद पर्व की भाषा-शैली, संवादों की विशेषता और वर्तमान व तत्कालीन परिस्थितियों में प्रवाद-पर्व की प्रासंगिकता, मिथकीय चेतना और उसके सांस्कृतिक संदर्भों से परिचित हो सकेंगे.<br>• वे शीर्षक के महत्त्व, उद्देश्य एवं प्रासंगिकता को समझेंगे. उनका सांस्कृतिक, सामाजिक, सौन्दर्यात्मक, बौद्धिक विकास होगा.<br>• वे प्रवाद पर्व की संदर्भ सहित व्याख्या करने में समर्थ होंगे. |
| निबंध और अन्य गद्य विधाएँ | ELECTIVE HINDI 212 (गौण) | नवम्बर-2017 | • पर्चे के अध्ययन के उपरान्त विद्यार्थी निबंध क्या है?, निबंध के तत्व एवं प्रकार, हिन्दी निबंध के विकास व पाठ्यक्रम में शामिल निबंधकारों का संक्षिप्त परिचय आदि जानेंगे.<br>• वे निबंध, रेखाचित्र/संस्मरण, व्यंग्य आदि का मूल्यांकन करने में समर्थ होंगे और उसके उद्देश्य एवं महत्त्व से परिचित होंगे.<br>• वे रेखाचित्र/संस्मरण की परिभाषा एवं रेखाचित्र/संस्मरण में अंतर, हिन्दी रेखाचित्र/संस्मरण का संक्षिप्त विकास एवं पाठ्यक्रम में शामिल रेखाचित्र/संस्मरण के लेखकों का परिचय प्राप्त करेंगे.<br>• वे व्यंग्य क्या है? भाषा-शक्ति और व्यंग्य, हिन्दी व्यंग्य का विकास एवं पाठ्यक्रम में शामिल व्यंग्यकारों का परिचय प्राप्त कर सकेंगे और उनका दृष्टिकोण विकसित होगा. |
| सामान्य हिन्दी | ELECTIVE HINDI 214 (द्वितीय गौण) | जुलाई-2018 | • विद्यार्थी नाटक क्या है?, नाटक के तत्व, हिन्दी नाटक के प्रकार, हिन्दी नाटक का विकास एवं सर्वेश्वरदयाल सक्सेना के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित होंगे.<br>• वे बकरी नाटक का कथानक एवं उद्देश्य को समझ सकेंगे. और उसके चरित्रों, संवादों, गीतों का मूल्यांकन करने में समर्थ होंगे.<br>• वे लोकधर्मिता, भाषा-शैली की विविधता एवं सर्जनात्मक शक्ति से परिचित होंगे और व्यंग्य के महत्त्व को जान सकेंगे.<br>• वे संदर्भ सहित व्याख्या करने में समर्थ होंगे.<br>• इसे उनकी जीवन दृष्टि, मूल्य बोध एवं राजनीतिक चेतना में वृद्धि होगी. |

Professor in Charge
Subject: Hindi
Name: Dr. SHAHABUDDIN
Designation: Assistant Professor
Dr. APJ Abdul Kalam Govt. Collage

Scanned by CamScanner

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय

## हिन्दी विभाग

### शैक्षणिक वर्ष- 2019-20

| हिन्दी साहित्य के सेमेस्टर-2 के शैक्षिणिक पाठ्यक्रम के अध्ययन उपरांत परिणाम | | | |
|---|---|---|---|
| पर्चे का शीर्षक | पर्चे का कोड | पर्चा लागू करने का वर्ष | पाठ्यक्रम में शामिल पर्चों के अध्ययन उपरांत परिणाम |
| आधुनिक हिन्दी कविता | ELECTIVE HINDI 111 (गौण) | नवम्बर-2017 | • विद्यार्थी इस पर्चे के अध्ययन के उपरांत छायावादोतर हिन्दी कविता, हालावाद, राष्ट्रीय-सांस्कृतिक काव्यधारा, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद एवं नई कविता के विकास और कुछ प्रवृतियों को समझ सकेंगे.<br>• विद्यार्थी पाठ्यक्रम में शामिल कवियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय प्राप्त करेंगे.<br>• विद्यार्थी अनेक कविताओं के अर्थ, महत्व एवं उनके उद्देश्य को समझने में समर्थ होंगे.<br>• इस पर्चे के अध्ययन उपरान्त उनका दृष्टिकोण भी विकसित होगा. उनका भावात्मक एवं सौन्दर्यात्मक विकास भी होगा.<br>• विद्यार्थी अध्ययन उपरान्त संदर्भ सहित व्याख्या करने में समर्थ होंगे. |
| आधुनिक हिन्दी उपन्यास | ELECTIVE HINDI 112 (गौण) | नवम्बर-2017 | • विद्यार्थी उपन्यास की परिभाषा एवं तत्व, हिन्दी उपन्यास के विकास की संक्षिप्त रूपरेखा, प्रेमचंद का कृतित्व एवं व्यक्तित्व आदि से परिचित होंगे.<br>• विद्यार्थी निर्मला उपन्यास की कथावस्तु, उसकी संरचना, आदि को समझ सकेंगे और उसके आधार पर पात्र एवं चरित्रों का मूल्यांकन करने में सक्षम होंगे. वे देशकाल एवं वातावरण के मनुष्य पर होने वाले प्रभाव से अवगत होंगे.<br>• विद्यार्थी भारतीय समाज की समस्याओं जैसे- दहेज़ प्रथा, अनमेल विवाह, अंधविश्वास, शक की प्रवृति के नुकसान, भ्रष्टाचार आदि के प्रति जागरूक एवं सतर्क होंगे.<br>• विद्यार्थी निर्मला उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता, महत्त्व एवं प्रासंगिकता से अवगत होकर उपन्यास की समीक्षा में समर्थ होंगे.<br>• वे निर्मला उपन्यास की भाषा-शैली एवं संवादों की विशिष्टता से परिचित होंगे और संदर्भ सहित व्याख्या करने में समर्थ होंगे. |
| सामान्य हिन्दी | ELECTIVE HINDI 113 (द्वितीय गौण) | जुलाई-2018 | • विद्यार्थी इस पर्चे के अध्ययन उपरान्त गद्य क्या है? गद्य एवं पद्य में अंतर; हिन्दी गद्य के विकास, एकाँकी, निबंध, व्यंग्य व संस्मरण का संक्षिप्त परिचय एवं पाठ्यक्रम में शामिल साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित होंगे.<br>• उनकी मूल्यांकन एवं समीक्षात्मक दृष्टि समर्थ होगी जिससे वे पाठ्यक्रम में शामिल विधाओं की समीक्षा करने के साथ उनके महत्त्व एवं प्रासंगिकता से अवगत होंगे.<br>• विद्यार्थी पत्र-लेखन क्या है? पत्रों के प्रकार; आवेदन पत्र, निमंत्रण पत्र, प्रार्थना पत्र की विशेषता व रुपरेखा से परिचित होंगे और इनके लेखन में समर्थ होंगे.<br>• विद्यार्थी संक्षेपण एवं पल्लवन क्या है? संक्षेपण एवं पल्लवन की विशेषता से अवगत होंगे. वे गद्यखंड के संक्षेपण व सूक्ति/पंक्ति आदि के पल्लवन करने में समर्थ होंगे.<br>• वे अनुवाद क्या है? को जानने-समझने के साथ उसको निष्पन्न करने के तरीके को विकसित करेंगे. उनकी हिन्दी में कार्य-क्षमता एवं भावबोध विकसित होगा. |

Professor in Charge
Subject:...Hindi
Name: Dr. Shahabuddin
Designation: Assistant Professor
Dr. APJ Abdul Kalam Govt. Collage

Scanned by CamScanner